# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 19.11.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिंदुस्तान, आज, जागरूक एक्सप्रेस, ज्ञानशिखा टाइम्स, परफेक्ट मिशन, राष्ट्रीय सहारा, तरुणमित्र न्यूज़, न्यायाधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला –दि0 19.11.2024

# इकोनॉमिकल ग्रोथ की संभावनाएं तलाशने पहुंची विश्व बैंक की टीम

माई सिटी रिपोर्टर

वाराणसी। इकोनॉमिकल ग्रोथ की संभावनाएं तलाशने विश्व बैंक की टीम दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को काशी पहुंची। यहां उनके सदस्यों ने बैठक और निरीक्षण के दौरान काशी के विकास कार्य देखे। नमोघाट और सारनाथ का निरीक्षण किया। नमो घाट पर स्मार्ट सिटी इन्वेस्टमेंट एलांग द घाट्स, टूर ऑफ सारनाथ फोक्सिंग ऑन इट्स डेवलेपमेंट, पार्ट ऑफ द बुद्धिस्ट सर्किट की जानकारी ली।

सारनाथ में प्रो पुअर प्रोजेक्ट के वेंडर्स से बातचीत की। विश्व बैंक की टीम ने पूछा कि जब प्रोजेक्ट नहीं बना था तब और अब में क्या अंतर है। वेंडर्स ने कहा कि इनकम में ग्रोथ हुआ। वीडीए सभागार में विश्व बैंक की टीम के



सारनाथ का निरीक्षण करते विश्व बैंक की टीम के सदस्य। स्रोत-वीडीए

सदस्यों के साथ हुई बैठक में वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शहर के विकास की रूपरेखा के बारे में बताया। इसकी शुरुआत वाराणसी की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से हुई।

## दैनिक जागरण –दि0 19.11.2024

# नवनियुक्त जेई का प्रशिक्षण के बाद हुआ टेस्ट

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** वाराणसी विकास प्राधिकरण में शासन से नवनियुक्त अवर अभियंताओं को मानचित्र से संबंधित प्रशिक्षण देने के बाद सोमवार को टेस्ट लिया गया। टेस्ट में अवर अभियंता वर्तिका दुबे, प्रिया अग्रहरि, अशोक कुमार यादव, राजू कुमार, आदर्श निराला, रोहित कुमार व सोनू कुमार थे। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि नवनियुक्त अवर अभियंताओं को प्रशिक्षण दिया गया है जिससे उन्हें काम करने में कोई परेशानी नहीं हो।

## दैनिक जागरण –दि0 19.11.2024

# योजनाओं की हकीकत देख तलाशेंगे विकास की संभावनाएं

जागरण संवाददाता, वाराणसी : शहर में चल रही विकास योजनाओं की हकीकत देखने और विकास की संभावना तलाशने के लिए सोमवार को विश्व बैंक, एशियन डेवलपमेंट बैंक और नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग भारत सरकार की संयुक्त मिशन टीम दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंची।

वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में उन्हें शहर में चल रही विकास योजनाओं और चुनौतियों के बारे में प्रजेंटेशन के जरिए बताया गया। इसके बाद टीम सारनाथ में प्रो पुअर पर्यटन विकास योजना से हुए विकास कार्य को देखने पहुंची।

महाबोधि सोसायटी आफ इंडिया सभागार में हुई बैठक में बौद्ध भिक्षुओं ने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग और मूलगंध कुटी विहार के बीच गेट बंद कर दिया गया है। इससे बौद्ध अनुयायियों को परेशानी होती है। पुरातत्व संग्रहालय के पास बोलार्ड से रास्ता बंद कर दिया गया है जिससे भिक्षुओं को मंदिर आने-जाने में परेशानी होती है। हालत यह है कि एंबुलेंस के लिए भी बोलार्ड नहीं हटाया जाता है। इसे टीम ने गंभीरता से लिया।



सारनाथ में प्रो पुअर पर्यटन विकास योजना के बारे में टीम को जानकारी देते वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा • जागरण

- विश्व बैंक, एशियन डेवलपमेंट बैंक और नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग भारत सरकार की संयुक्त टीम पहुंची काशी
- प्रो पुअर पर्यटन विकास योजना व नमो घाट को देखा, भिक्षुओं ने कहा, गेट बंद रहने से बौद्ध भिक्षुओं को होती है परेशानी

टीम के सामने वेंडरों ने कहा कि हम वेंडरों की संख्या 465 है लेकिन मात्र 286 को ही कार्ट मिला।

वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि समिति से सूची लेकर वेंडरों की संख्या तय की गई है। इसका किसी के पास जवाब नहीं था। वेंडरों कहा कि कार्ट मिलने से हमलोगों का रोजगार बढ़ा है। सीसीटीवी कैमरा लगने हम सुरक्षित है और कोई सामान चोरी नहीं होता है।

### वाराणसी व प्रयागराज के आर्थिक विकास पर चर्चा

वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि विकास केंद्र के रूप में शहरों के रचनात्मक पुनर्विकास में भारत सरकार की बजट घोषणा-2024 के मद्देनजर एक मिशन टीम बनाई गई है। इसमें नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, विश्व बैंक और एशियन डेवलपमेंट बैंक के अधिकारी और विशेषज्ञों के साथ बैठक की गई। मिशन टीम विकास परियोजनाओं को लेकर अध्ययन करने के साथ शहर का भ्रमण करेगी। प्रमुख योजना में जैसे, स्मार्ट सिटी, अमृत योजना समेत अन्य शहरी विकास परियोजनाओं पर अपना ध्यान केंद्रित और परियोजनाओं की प्रगति और उनके प्रभाव का मूल्यांकन भी टीम करेगी। पर्यटन बढ़ाने को लेकर पर्यटन विभाग ने भी अपना प्रस्तुतिकरण किया। कहा कि वाराणसी विकास प्राधिकरण महायोजना-2031, शहर विकास योजना (सीडीपी), व्यापक गतिशीलता योजना (सीएमपी), नीति आयोग के निर्देशों के क्रम में वाराणसी व प्रयागराज आर्थिक क्षेत्र आदि क्षेत्र पर चर्चा की गई। बौद्ध सर्किट विकास सारनाथ, रोपवे परिवहन परियोजना, दशाश्वमेध प्लाजा, आंतरिक शहर की भीड़ कम करना व ट्रांसपोर्ट नगर, टीपीएस के अंतर्गत पायलट परियोजना, हस्तांतरणीय विकास अधिकार (टीडीआर) व पुनर्विकास से संबंधित वर्तमान उपलब्धियों व चुनौतियां आदि चर्चा की गई। वाराणसी शहर के समेकित विकास के लिए प्रस्तावित परियोजनाओं कमिश्नरी में एकीकृत आयुक्त कांप्लेक्स, रिंग रोड, थीम आधारित टाउनशिप का विकास, सड़क विकास परियोजनाएं, अस्सी नदी का पुनरुद्धार, जवाहर लाल नेहरू वाणिज्यिक परिसर का पुनर्विकास है। भारत सरकार की ओर से गठित मिशन टीम के प्रतिनिधि के रूप में एशियन डेवलपमेंट बैंक से श्रीनिवास संपत, रमोला सिंगरू, टुमो उदा, सास्वती जी. बेल्लीअप्पा, सौरव मजूमदार, अंकित सिंघल, आबेदलरज़ाक खलील, अभिजीत संकर राय, रोशन्ना नीट्टी, मेघा मुकीम, सीथा रघुपथ्य, ज्योति विजयन नायर, मो. मोनिस खान आदि थे। स्थानीय अधिकारी नगर नियोजक प्रभात कुमार, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, अपर नगर आयुक्त दुष्यंत कुमार मौर्या, अकील अहमद निजाम, अमरेन्द्र आदि थे।

## हिन्दुस्तान–दि0 19.11.2024

# विकास कार्यों का लोगों पर प्रभाव जांचेगी टीम

**स्थलीय सत्यापन**

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। शहर में विकास कार्यों का जाएजा लेने के लिए वर्ल्ड बैंक और एशियन डेवलपमेंट बैंक तथा नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग की टीमें सोमवार को वाराणसी पहुंची। शहर में विकास के साथ रचनात्मक पुनर्विकास के कार्यों को देखने के लिए वह टीम आई है। यह टीम अमृत योजना के तहत हुए कार्यों के बारे में भी जानकारी लेगी और स्थलीय निरीक्षण करेगी।

सबसे पहले वीडीए मुख्यालय में बैठक में उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने विभिन्न प्रोजेक्टों की जानकारी दी। इसके बाद संयुक्त टीम ने नमो घाट, सारनाथ में प्रो पुअर प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। टीम प्रोजेक्ट बनने से इससे जुड़े लोगों के जीवन पर प्रभाव का अध्ययन करेगी। वीडीए उपाध्यक्ष ने रोप-वे परियोजना को लेकर भी जानकारी दी और देश में पहली बार सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में रोप-वे बनाने के बारे में बताया।


नमोघाट पर सोमवार को निरीक्षण करने पहुंची वर्ल्ड बैंक और एडीबी की टीम।

टीम के सदस्यों ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। और काशी विश्वनाथ धाम के बनने के बाद पर्यटन क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की।

मंगलवार को यह टीम दशाश्वमेध घाट समेत अन्य घाटों पर हुए विकास कार्यों को देखेगी। दशाश्वमेध प्लाजा तथा मान सिंह ऑब्जर्वेटरी, रोप-वे स्टेशनों का निरीक्षण करने के साथ इंग्लिशिया लाइन में जवाहरलाल नेहरू कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स का निरीक्षण करेगी।

इनमें एशियन डेवलपमेंट बैंक के निदेशक (जल एवं शहरी प्रबंधन) श्रीनिवास सम्पत, मुख्य शहरी विकास विशेषज्ञ रमोला सिंगरू, प्रिंसिपल अर्बन डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट टोमू उएदा, वर्ल्ड बैंक के प्रैक्टिस मैनेजर (दक्षिण एशिया) अबेदलरजक खलील, सीनियर अर्बन स्पेशलिस्ट अभिजीत शंकर रे, रोजन्ना नित्ती, मेघा मुकीम, सीमा रघुपति, ज्योति विजयन नायर, टाउन ऐंड कंट्री प्लानर मो. मोनिस खान, वीडीए सचिव डॉ. वेदप्रकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

आज–दि0 19.11.2024

## शहर के विकास को लेकर विप्रा में हुआ मंथन

**उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में विश्व बैंक और एशियन डेवलपमेंट बैंक के अलावा केंद्र के अन्य अधिकारियों ने दिया सुझाव, विदेशी टीम आज करेगी मुख्य स्थानों का भ्रमण**

वाराणसी शहर के विकास को लेकर सोमवार को विश्व बैंक एशियन डवलेपमेंट बैंक और नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग भारत सरकार की टीम के साथ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अध्यक्षता में सभागार में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कि प्रमुख विषय था कि शहरों के रचनात्मक पुनर्विकास को लेकर भारत सरकार २०२४ में एक मिशन तैयार किया था। जिसमें विश्व बैंक और एशियन डवलेपमेंट बैंक भी शामिल था। सोमवार को हुई बैठक में इस विषय पर संगोष्ठी हुई कि किस प्रकार परियोजनाओं का सही रूप दिया जाय। इसमें १८ और १९ नवंबर को विकास परियोजनाओं के संबंध में शहर भ्रमण जिसमें विशेष सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग प्रदेश शासन के अलावा मिशन टीम के लोग अध्यन करेंगे। जिसमें विकास के रूप को रचनात्मक पुनर्विकास के लिए सदस्य मंगलवार को भी विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण में प्रमुख विषय जैसे स्मार्ट सिटी, अमृत योजना, शहरी विकास परियोजना की तरफ ध्यान आकर्षित होगा और यह भी देखा जायेगा कि तीन प्रकार के क्षेत्रों में कार्य कर रही उपरोक्त संस्था कितना आगे पहुंची। स्मार्ट सिटी और पर्यटन विभाग ने इंफ्रास्ट्रक्चर डवलेपमेंट एवं पुननिर्माण की परियोजना का विस्तृत प्रस्तुती करण किया। कार्यक्रम की शुरूआत विप्रा उपाध्यक्ष ने की और विभिन्न कार्यों का पृष्ठभूमि के विषय में भी बताया। इसके बाद विकास एवं विजन पर अपने–अपने विचार विशेषज्ञों ने रखे। परियोजना, दशाश्वमेध प्लाजा, शहर में भीड़ को रोकने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर योजना, टीपीएस का पायलट प्रोजेक्ट सहित अन्य कार्य प्रगति पर सर्किट का निरीक्षण किया गया। मंगलवार को काशी विश्वनाथ कारिडोर का पुनर्विकास, गोदौलिया से दशाश्वमेध घाट तक फसाड एवं



जिसमें कि स्थानीय विकास पैटर्न एवं विकास सक्षमता और प्रक्रिया में सुधार पर विशेषज्ञों ने अपने सुझाव दिये। वीडीए के विषय में चर्चा करते हुए बताया गया कि वाराणसी महायोजना–२०३१ में शहर को शहर में विस्तृत योजनाओं में लागू करने के लिए सीडीपी और सीएमपी के निर्देशों को ध्यान में रखकर आर्थिक क्षेत्र में परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। शहर में प्रचलित विभिन्न योजनाओं में बौद्ध सर्किट, परिवहन है। शह को को समेकित विकास हेतु एकीकृत आयुक्त कम्पाउंड काम्पलेक्ट रिंग रोड के साथ टाउन शिफ्ट और सड़क उन्नयन परियोजनाएं इसके अलावा अस्सी नदी पुनद्धार, जवाहर लाल नेहरु वाणिज्य परिसर का पुनर्विकास सहित अन्य विकास कार्य तेजी से किया जायेगा। वहीं स्मार्ट सिटी इन्वेसमेंट आन इट्स टूर आफ सारनाथ फोक्सिंग और इट्स डवलेपमेंट एस पार्ट आफ द बुद्धिस्ट साइनेजज इम्प्रोवमेंट एवं दशाश्वमेध प्लाजा तथा मान सिंह आबजर्वेट्री रोप–वे परियोजना का निरीक्षण एवं जवाहर लाल नेहरू कामर्शियल काम्पलेक्स का निरीक्षण किया जायेगा। बैठक में प्रमुख रूप से एशियन बैंक के डायरेक्टर श्रीनिवास, रगोला सिंगरू, टुमा उदा, रमोला सिंगरू, एडीबी टीम लीडर, सास्वती जी बेलीअप्पा, सौरव मजूमदर, प्रभात कुमार और विप्रा के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 19.11.2024

## भारत सरकार की एक संयुक्त मिशन टीम द्वारा वाराणसी शहर से सम्बन्धित विकास कार्यों एवं चुनौतियों का किया गया स्थलीय निरीक्षण

वाराणसी । विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में विकास केंद्र के रूप में शहरों के रचनात्मक पुनर्विकास के



सम्बन्ध में भारत सरकार की बजट घोषणा–2024 के दृष्टिगत एक मिशन टीम जिसमें नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग (TCPO)] विश्व बैंक (WB) तथा एशियन डेवलपमेंट बैंक (ADB) के अधिकारी तथा विशेषज्ञों के साथ बैठक की गयी। उक्त मिशन टीम में सम्मलित विशेषज्ञों द्वारा दिनांक 18.11.2024 एवं दिनांक 19.11.2024 को विकास परियोजनाओं के संबंध में अध्ययन तथा वाराणसी शहर का भ्रमण किया जाना निर्धारित है। विशेष सचिव (आवास एवं शहरी नियोजन विभाग] उत्तर प्रदेश) शासन के आदेश के अनुसार मिशन टीम का उद्देश्य वाराणसी को विकास केंद्र के रूप में रचनात्मक पुनर्विकास के लिए योजनाओं का अध्ययन करना है।

वाराणसी को विकास केंद्र के रूप में रचनात्मक पुनर्विकास के लिए मिशन टीम आज एवं कल शहर की विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण व प्रस्तुति के जरिये विकास की संभावनाओं को समझेगी। मिशन टीम वाराणसी में संचालित प्रमुख योजनाओं जैसे स्मार्ट सिटी] अमृत योजना और अन्य शहरी विकास परियोजनाओं पर अपना ध्यान केंद्रित करेगी। इस दौरान टीम द्वारा परियोजनाओं की प्रगति और उनके प्रभाव का मूल्यांकन किया जाएगा।

टीम के वाराणसी पहुंचने पर वीडीए सभागार में नगर निगम] स्मार्ट सिटी तथा पर्यटन विभाग द्वारा वाराणसी नगर के इंफ्रास्ट्रक्चर डवलेपमेंट एवं पुनर्निर्माण के परियोजनाओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा किया गया। प्रस्तुतीकरण की शुरुआत वाराणसी की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से किया गया। इसके बाद वाराणसी के विकास के लिए विजन] वाराणसी में निवेश व पर्यटकों की आमद में वृद्धि स्थानिक विकास पैटर्न] विकास सक्षमता व प्रक्रिया में सुधार] विभिन्न नियोजन पहल] वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) के बारे में पिछले कुछ वर्षों में वीडीए द्वारा तैयार की गई विभिन्न योजनाएं वाराणसी महायोजना–2031, शहर विकास योजना (सीडीपी)] व्यापक गतिशीलता योजना (सीएमपी)] नीति आयोग के निर्देशों के क्रम में वाराणसी प्रयागराज आर्थिक क्षेत्र आदि परियोजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधीश–दि0 19.11.2024

## संयुक्त मिशन टीम द्वारा सम्बन्धित विकास कार्यों एवं चुनौतियों का प्रजेंटेशन तथा स्थलीय निरीक्षण को लेकर बैठक आयोजित



वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग की अध्यक्षता मेंप्राधिकरण सभागार में विकास केंद्र के रूप में शहरों के रचनात्मक पुनर्विकास के सम्बन्ध मे भारत सरकार की बजट घोषणा-2024 के दृष्टिगत एक मिशन टीम जिसमें नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ,विश्व बैंक तथा एशियन डेवलपमेंट बैंक के अधिकारी तथा विशेषज्ञों के साथ बैठक की गयी। उक्त मिशन टीम में सम्मलित विशेषज्ञों द्वारा 1 19.नवम्बर को विकास परियोजनाओं के संबंध में अध्ययन तथा वाराणसी शहर का भ्रमण किया जाना निर्धारित है। विशेष सचिव (आवास एवं शहरी नियोजन विभाग,उत्तर प्रदेश) शासन के आदेश के अनुसार मिशन टीम का उद्देश्य वाराणसी को विकास केंद्र के रूप में रचनात्मक पुनर्विकास के लिए योजनाओं का अध्ययन करना है। वाराणसी को विकास केंद्र के रूप में रचनात्मक पुनर्विकास के लिए मिशन टीम आज एवं कल शहर की विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण व प्रस्तुति के जरिये विकास की संभावनाओं को समझेगी। मिशन टीम वाराणसी में संचालित प्रमुख योजनाओं जैसे स्मार्ट सिटी,अमृत योजना और अन्य शहरी विकास परियोजनाओं पर अपना ध्यान केंद्रित करेगी। इस दौरान टीम द्वारा परियोजनाओं की प्रगति और उनके प्रभाव का मूल्यांकन किया जाएगा। टीम के वाराणसी पहुंचने पर आज सोमवार को वीडीए सभागार में वाराणसी विकास प्राधिकरण, नगर निगम, स्मार्ट सिटी तथा पर्यटन विभाग द्वारा वाराणसी नगर के इंफ्रास्ट्रक्चर डवलेपमेंट एवं पुनर्निर्माण के परियोजनाओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वीडीए उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग द्वारा किया गया। प्रस्तुतीकरण की शुरुआत वाराणसी की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से किया गया। इसके बाद वाराणसी के विकास के लिए विजन, वाराणसी में निवेश व पर्यटकों की आमद में वृद्धि, स्थानिक विकास पैटर्न,विकास सक्षमता व प्रक्रिया में सुधार, विभिन्न नियोजन पहल, वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) के बारे में पिछले कुछ वर्षों में वीडीए द्वारा तैयार की गई विभिन्न योजनाएं,वाराणसी महायोजना-2031, शहर विकास योजना (सीडीपी),व्यापक गतिशीलता योजना (सीएमपी), नीति आयोग के निर्देशों के क्रम में वाराणसी प्रयागराज आर्थिक क्षेत्र आदि परियोजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। इसी प्रकार वाराणसी शहर मेंप्रचलित विभिन्न विकास परियोजनाएं तथा नवीन पहलों यथा- बौद्ध सर्किट विकास सारनाथ, रोप वे परिवहन परियोजना,दशाश्वमेध प्लाजा,आंतरिक शहर की भीड़ कम करना व ट्रांसपोर्ट नगर, टीपीएस के अन्तर्गत पायलट परियोजना, वाराणसी रोपवे के साथ पारगमन उन्मुख विकास (प्रस्तावित), हस्तांतरणीय विकास अधिकार (टीडीआर) व पुनर्विकास से संबंधित वर्तमान उपलब्धियों व चुनौतियाँ आदि बिंदुओं को प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार वाराणसी शहर के समेकित विकास हेतु कतिपय प्रस्तावित परियोजनाओं यथा- एकीकृत आयुक्त कम्पाउंड कॉम्प्लेक्स, रिंग रोड के साथ थीम आधारित टाउनशिप का विकास, सड़क उनन्यन परियोजनाएँ,अस्सी नदी का पुनरुद्धार, जवाहर लाल नेहरू वाणिज्यिक परिसर का पुनर्विकास,शहरी नवीनीकरण और पुनर्विकास के लिए प्रयास,वाराणसी में पुनर्विकास की आवश्यकता आदि के सम्बन्ध में सम्भावनाओं व चुनौतियाँ आदि बिंदुओं को प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा गठित मिशन टीम के प्रतिनिधि के रूप में एशियन डेवलपमेंट बैंक से श्रीनिवास सम्पत (डायरेक्टर,एमेर्जिंग एरियाज, वाटर एंड अर्बन डेवलपमेंट), रमोला सिंगरू (प्रिंसिपल अर्बन डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट, एडीबी टीम लीडर, सीआरसी),आदि के साथ वाराणसी नगर के स्थानीय विभागों की ओर से श्री पुलकित गर्ग,उपाध्यक्ष डॉ0 गुडाकेश शर्मा,अपर सचिव,श्री प्रभात कुमार, नगर नियोजक, श्री अजय पवार, अधीक्षण अभियन्ता,वाराणसी विकास प्राधिकरण, श्री दूष्यंत कुमार मौर्या, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, वाराणसी,श्री अकील अहमद निजाम, प्रोजेक्टर मैनेजर,श्री अमरेन्द्र तिवारी, मुख्य अभियन्ता,वाराणसी स्मार्ट सिटी लि0, नितिन कुमार द्विवेदी तथा श्री नवीन कुमार, उ0प्र0 टूरिज्म विभाग, वाराणसी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।उपरोक्त प्रस्तुतीकरण के उपरान्त मिशन टीम द्वारा 19.नवम्बर को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर री-डवलेपमेंट प्रोजेक्ट,गोदौलिया से दशाश्वमेध घाट तक फसाड एवं साइनेजज इम्प्रोवमेंट एवं दशाश्वमेध प्लाजा तथा मान सिंह ऑबजर्वेट्री, रोप-वे परियोजना का निरीक्षण एवं जवाहर लाल नेहरू कॉमशियल कॉम्पलेक्स का निरीक्षण किया जायेगा।